INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR
Pre Mid Term Examination (2025-26)
Subject-Hindi (2nd Lang.)

Class: VIII Max Marks: **30**
Date: 20.05.25 Set-1 Time - **1hr**

***Ge**neral Instructions:*
1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of* **10** *questions divided into* **2** *Sections.*
3. *There is no overall choice . However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of* **2** *printed pages.*

खंड क

प्र 1- निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

गीता एक जिज्ञासु स्वभाव की लड़की थी। उसे नई-नई चीजें सीखने का बड़ा शौक था। एक बार उसके विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। सभी छात्रों को अपनी-अपनी परियोजना तैयार करनी थी। गीता ने "पुनः उपयोग (Recycling)" पर काम करने का निर्णय लिया, लेकिन उसके पास आवश्यक सामग्री नहीं थी।उसने हार मानने की बजाय अपने आस-पड़ोस से पुराने अख़बार, प्लास्टिक की बोतलें और टीन के डिब्बे इकट्ठे करने शुरू किए। गीता ने उन बेकार चीज़ों से उपयोगी वस्तुएँ जैसे फूलदान, पेन स्टैंड और एक छोटा लैंप बना डाला। उसकी रचनात्मकता और मेहनत को देखकर सभी चकित रह गए।प्रदर्शनी में उसकी परियोजना को प्रथम स्थान मिला। निर्णायकों ने उसकी सोच की सराहना की और गीता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। गीता को समझ में आ गया कि कल्पनाशक्ति और दृढ़ संकल्प से किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है।

1. गीता ने अपनी परियोजना के लिए कौन-सा विषय चुना था? 1

   (क) ऊर्जा संरक्षण (ख) प्रदूषण नियंत्रण

   (ग) पुनः उपयोग (Recycling) (घ) जल संरक्षण

2. गीता ने सामग्री की कमी होने पर क्या किया? 1

   (क) प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया (ख) स्कूल से मदद ली

   (ग) पड़ोस से कबाड़ इकट्ठा किया (घ) अपनी सहेली की परियोजना उधार ली

3. निर्णायकों ने गीता की किस बात की सबसे अधिक सराहना की? 1

   (क) उसकी चित्रकला (ख) उसकी रचनात्मकता और सोच

   (ग) उसकी वेशभूषा (घ) उसकी लिखावट

4 गीता की यह परियोजना उसे कौन-सा महत्वपूर्ण संदेश देती है? 2

प्र 2 – निम्नलिखित वाक्य में से संज्ञा शब्द छाँट कर भेद लिखिए – 1

(i) वह ताजमहल देखने गया था ।

(ii) कोष्ठक में दिए गए शब्द से भाववाचक संज्ञा से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए – 1

कोयल की वाणी में बहुत --------------- होती है । (मीठा) ।

प्र 3 **(i) उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करके लिखिए:** भडार , गभीर । 1

(ii) उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके लिखिए: गाव , बाटा । 1

प्र 4 **(i)** निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए – रेखा +अंश , भानु +उदय 1

(ii) निम्नलिखित शब्दों की संधि-विच्छेद कीजिए- रवींद्र , महात्मा 1

प्रश्न 5 (i) दिए गए अंकों को शब्दों में लिखिए- 55 , 90 1

(ii) हिंदी वर्णमाला में कितने वर्ण हैं ? 1

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए – डर , सवेरा 2

प्र 7 **- 'स्कूल बैग' के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए -** 5

अथवा

मोबाइल' का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए -

खंड (ख)

प्र 8 **- दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए -** 4

1 "एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है"- कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

2 बदलू के मन में ऐसी कौन-सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी?

3 मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

प्र 9 **- दिए गए प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए -** 3

1 पक्षी और बादल की चिट्ठियों में पेड़ -पौधे, पानी और पहाड़ क्या पढ़ पाते हैं?

2 बदलू की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन करो।

प्र 10 **- दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में लिखिए लिखिए -** 3

1 – जनार्दन कौन था ?

2 – विवाह के अवसर पर किस का मूल्य बढ़ जाता था?

3 – पहाड़ हमारे लिए क्या करते हैं?

****